प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आज झारखंड समेत देशभर में जनजातीय गौरव दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। खूंटी के उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में राजकीय समारोह आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम शामिल हुए। सभी लोगों ने धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के परिजनों से मिलकर उन्हें सम्मानित किया।

****

खूंटी के उलिहातू में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि धरती आबा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, बल्कि वे हमारी परंपरा और संस्कृति के भी प्रतीक हैं।

****

इससे पहले रांची के कोकर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल और बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि जन–आस्था, जन–मानस और जन–भावनाओं के "भगवान" हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी संस्कृति, अपनी धरती और अपने लोगों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने धरती आबा के संघर्षों को याद किया और उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया।

****

जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेश भाजपा ने बिरसा मुंडा म्यूजियम में भगवान बिरसा मुंडा की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस शोभा यात्रा में जहां नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पार्टी के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह समेत सैकड़ो भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि आज झारखंड वासियों के लिए बड़ा ही शुभ दिन है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड का स्थापना दिवस है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है।

****

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड गठन की रजत जयंती पूरे राज्य में उत्साह, गौरव और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनायी जा रही है। झारखंड राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ का मुख्य समारोह अब से थोड़ी देर बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मौजूद रहेंगे, जबकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस अवसर पर लगभग छह हजार करोड़ रुपए की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

****

बोकारो जिले के सरकारी और निजी विद्यालयों में अब योग की भी शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में जिले के उपायुक्त ने कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है।

****

झारखंड हाईकोर्ट अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर आज रजत जयंती समारोह मना रहा है। कार्यक्रम के दौरान हाईकोर्ट परिसर में बने म्यूजियम का उद्‌घाटन किया गया, जबकि बिरसा मुंडा सिल्वर जुबली ऑडिटोरियम की आधारशिला रखी गयी। आज शाम को ज्यूडिशियल एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत कई न्यायाधीश शामिल हुए।

**********समाप्त***********